हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार 17 जून 2026



13 बागवानी जागरूकता शिविर लगाकर...



13 शहीद विपिन जांगड़ा की पुण्यतिथि पर प्रतिमा का...









आमसभा में नालों एवं शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर हंगामा, भुगतान रोकने और ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी

# नालों की सफाई व कूड़ा उठान न होने पर फूटा पार्षदों का गुस्सा, ठेकेदारों को घेरा

## प्रॉपर्टी आईडी, आयुष अस्पताल, नंदीशाला समेत 25-30 लाख रुपये के जनहित प्रस्ताव हुए पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला नगर आयुक्त कार्यालय में मंगलवार को नगर परिषद की साधारण बैठक आयोजित की गई, जिसमें वार्ड पार्षद शहर के नालों की सफाई एवं सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने के खिलाफ काफी आक्राम रूख अपनाया और ठेकेदारों के साथ-साथ नप अधिकारियों को भी आड़े हाथों लिया। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद की चेयरपर्स कमलेश सैनी ने की। इस मौके पर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी जोगेंद्र सिंह कालीरमन, म्यूनिसिपल इंजीनियर सोहन सिंह समेत विभिन्न वार्ड पार्षद एवं जेई इत्यादि मौजूद रहे।

### मीटिंग में उपस्थिति की स्थिति

मीटिंग में नगर परिषद के उपप्रधान संजीव यादव, पार्षद अंजना अग्रवाल, पार्षद अमर सिंह आदि गैर-हाजिर रहे, जबकि अधिकांश पार्षद एवं उनके प्रतिनिधि के अलावा अकाउंटेंट उमेश वर्मा, जेई विकास शर्मा, जेई प्रवीण खटक, जेई पवन यादव एवं जेई कृष्ण कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। यह मीटिंग निर्धारित प्रातः 10 बजे की बजाए 11 बजे उपरांत शुरू हुई और लगभग दो बजे तक चली।



नारनौल। साधारण बैठक में जोरदार नाराजगी जाहिर करती नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी। फोटो : हरिभूमि

### संज्ञान में आने पर भी अधिकारी नहीं करते कार्रवाई

साधारण की बैठक में सबसे पहले हाल ही में दिवंगत हुए मनोनीत पार्षद सुदर्शन बंसल को सदन ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इसके उपरांत बैठक की विधिवत शुरूआत हुई। शुरूआत में ईओ जोगेंद्र सिंह कालीरमन ने संबोधित करते हुए सदन को मिलकर समस्याओं का समाधान करने एवं शहर के विकास के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात एक-एक पार्षद से अपना पक्ष एवं विकास का एजेंडा प्रस्तुत करने का कहा गया, लेकिन वार्ड एक से शुरूआत करने की बजाए पार्षद संदीप भांखर उठ खड़े हुए तथा अनुरोध किया कि उन्हें आवश्यक कार्य से अभी जाना है। भांखर ने जोरदार ढंग से आड़े हाथों लेते हुए शहर में की जा रही नालों की सफाई के प्रति गहरी असंतुष्टि एवं नाराजगी जाहिर की और वॉयरल वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि इसमें भ्रष्टाचार किया जा रहा है। एक भी नाला सही प्रकार से साफ नहीं है। सफाई करने वाले कारिंदें दुकानदारों से उनके मनमाफिक काम करने के पैसे ले रहे हैं। मामला संज्ञान में होने के बावजूद अधिकारी कुछ करते नहीं। यह शर्मनाक है। उन्होंने सदन से यह भी पूछा कि यदि कोई भी पार्षद नालों की सफाई से खुश हैं तो वह अभी बता दे। उन्होंने कहा कि ठगी-ठोरी नहीं चलने देंगे। इस पर सभी ने असंतोष जताया और फिर एमई ने पक्ष रखा। पार्षदों ने सफाई ठेकेदार को मीटिंग में बुलाने की मांग भी की।

### यह प्रस्ताव भी रखे

मीटिंग के दौरान महिला वार्ड पार्षदों सोनम, रेणू भास्कर आदि ने भी अपने वार्ड की समस्याएं रखी और उन्हें दूर करने को कहा। पार्षद सुल्तान सैन ने सीवरों के ढक्कन नहीं होने, पार्षद अनिल कुमार ने वार्डों में बनाए गए सीएससी सेंटर चलाने तथा ढाणी कोजिंदा से खानपुर तक की सड़क बनाने की मांग उठाई। मनोनीत पार्षद संजय अमन ने शौचालयों का संचालन सही प्रकार से नहीं होने की बात कही। पार्षद प्रतिनिधि धूपसिंह बहल ने एससी चौपाल के रुपये एससी वार्ड में ही खर्च करने की मांग उठाई तो अकाउंटेंट ने बताया कि चौपाल का मूल पैसा नहीं, उसका ब्याज कहीं ओर लगाया है। पार्षद नितिन चौधरी ने अग्रसेन चौक पर साइन बोर्ड लगाने की मांग रखी। पार्षद संदीप जैन ने प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियां दूर करने के लिए नप की एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे स्वीकार करते हुए ईओ ने इस कमेटी में चेयरपर्सन, ईओ एवं वार्ड पार्षद को शामिल करने का सुझाव स्वीकार कर लिया। पार्षद विशाल सैनी ने तालाब के पास नाला के टेंडर होने के बावजूद उसे नहीं बनाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए चेतावनी दी कि दो साल से 12 लाख के अलॉट टेंडर का अगले दस दिन में काम चालू नहीं हुआ तो वहां की गंदगी ट्रैक्टर में भरकर नगर परिषद में डाल देंगे। एमई सोहनसिंह ने बताया कि वीटा की तरफ से सुभाष पार्क में बूथ लगाने का प्रस्ताव है, जिसे सदन ने स्वीकार कर लिया। पार्षदों ने नंदीशाला के लिए अपने-अपने कोटे की ग्रांट के एक-एक लाख रुपये कम करके उसे नंदीशाला में देने का प्रस्ताव दिया। पार्षद कपिल ने नामदेव धर्मशाला एवं ग्रीन बेल्ट के प्रस्ताव रखे। वार्ड तीन में आयुष अस्पताल खोलने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। शहर की प्रॉपर्टी आईडी को शामिल गांवों में लागू करने के प्रस्ताव को भी पार्षदों ने मंजूरी दी। इस प्रकार जनहित के करीब 25-30 लाख रुपये के प्रस्ताव पारित किए गए।

### चेयरपर्सन ने जताई नाराजगी

इस दौरान लाइटों के ठेकेदार संदीप पहुंचे और मीटिंग के बीच में उन्होंने आठ माह से पेमेंट नहीं होने की बात कही। इसी विषय पर चेयरपर्सन कमलेश सैनी उनके विरुद्ध सोशल मीडिया एवं उन पर की गई कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर काफी तैश में नजर आई और भारी गुस्सा जाहिर करते हुए बोली कि ऊपर वाला सब देख रहा है कि वह सही हैं या गलत है। वह कोई गलत काम नहीं कर रही। प्रशासनिक अधिकारियों एवं अन्य नेताओं की भांति अपनी कोठी पर दो-चार कर्मचारी रखने तो दूर अब तक एक भी कर्मचारी का मिसयूज नहीं करने की बात जोरदार तरीके से दोहराई और कहा कि वह झूठी बदनामी बर्दाश्त नहीं करेंगी।

### होटल व अस्पताल संचालकों से मंथली लेने का लगा आरोप

कुछ ऐसी ही स्थिति शहर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एवं साफ-सफाई की रही। सीनियर पार्षद मोहनलाल शर्मा, एफसीसी मैंबर राजेंद्र सैनी उर्फ टींकू व देवेंद्र आदि समेत अधिकांश पार्षदों ने इस मुद्दे को जोरदार ढंग से प्रस्तुत किया और कहा कि शहर के एक भी वार्ड में सफाई कार्य ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा, जबकि सफाई ठेका लाखों रुपये में एक कंपनी को दिया गया है। ठेकेदार को बुलाया जाए और पूछा जाए कि वह वार्ड पार्षदों के अनुसार सफाई करने की बजाए मनमानी क्यों करते हैं। मीटिंग में ठेका कंपनी के सुपरवाइजर संजय कुमार उर्फ संजू पहुंचे, जिनके सामने वार्ड प्रतिनिधि सुमेर कांडा, कपिल यादव एवं देवेंद्र ने गंभीर आरोप जड़े तथा कहा कि इनके कर्मचारियों ने होटलों एवं प्राइवेट अस्पतालों से सांठगांठ कर ली हैं और उनके यहां से गंदगी उठाने को तवज्जो देते हैं और इसकी आड़े में 10-20 हजार की मंथली वसूली जा रही है। पार्षदों का आरोप था कि कूड़ा गाड़ी सभी जगह नहीं जाती। पार्षदों ने नालों की सफाई एवं कूड़ा कलेक्शन का पैसा तब तक होल्ड करने को कहा, जब तक वह संतुष्ट न हो जाएं। ईओ ने कहा कि यदि काम ठीक नहीं किया गया तो वह नियमानुसार ठेका कंपनी को ब्लेक लिस्ट करा देंगे।

# युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## परिजनों ने मंगेतर पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ

शहर स्थित एक गेस्ट हाउस में ठहरी युवती की सोमवार रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर युवती का शव बाहर निकाला। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में युवती के जहरीला पदार्थ खाने का अंदेशा जताया है। गेस्ट हाउस संचालक के अनुसार सतनाली क्षेत्र के एक गांव निवासी करीब 23 वर्षीय युवती सोमवार शाम करीब पांच बजे ऑटो से गेस्ट हाउस पहुंची थी। उन्होंने कुछ घंटों के लिए कमरा मांगा और बताया कि वह नहाकर किसी कार्यक्रम में जाएगी। पहचान पत्र जमा करवाने के बाद कमरा नंबर 210 आवंटित किया गया। रात करीब सवा नौ बजे युवती के परिजन गेस्ट हाउस पहुंचे और उसके बारे में पूछताछ की। परिजनों ने बताया कि युवती माधोगढ़ क्षेत्र की रहने वाली है। संचालक और परिजन कमरे तक पहुंचे, लेकिन दरवाजा खटखटाने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। कमरे से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर गेस्ट हाउस संचालक ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के बाद कमरे का लॉक तोड़कर दरवाजा खोला गया। अंदर युवती अचेत अवस्था में पड़ी मिली। जांच के दौरान कमरे में जहरीला पदार्थ खाने के संकेत मिले। गेस्ट हाउस संचालक ने बताया कि कमरे के बाहर तक गंध महसूस हो रही थी। दरवाजा खुलने के बाद भी कमरे के अंदर से दुर्गंध आ रही थी। पुलिस ने मौके की जांच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

### यह है पूरा मामला

शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उनकी 24 वर्षीय भतीजी जो पढ़ती थी। 15 जून को सुबह करीब 9 बजे घर से लाइब्रेरी जाने के लिए निकली थी। युवती का रिश्ता सितंबर 2025 में झज्जर जिले के अमित के साथ तय हुआ था। शाम करीब 6 बजे अमित ने परिजनों को फोन करके पूछा कि वर्षा घर पहुंची या नहीं। जब परिजनों ने इस पूछताछ का कारण जानना चाहा, तो अमित ने बताया कि सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर पौने 4 बजे तक वे दोनों साथ थे। उन्होंने एक होटल में साथ खाना भी खाया था और लगभग 4 बजे अमित ने युवती को महेंद्रगढ़ के नारनौल रोड स्थित एक लाइब्रेरी के पास छोड़ दिया था।

### सबूत मिटाने का आरोप

शिकायत के अनुसार, अमित लगातार फोन पर परिजनों को युवती की लोकेशन के बारे में गुमराह करता रहा। कभी वह बस स्टैंड कहता, तो कभी सतनाली। यही नहीं, अमित खुद गाड़ी लेकर आया और शिकायतकर्ता को बैठाकर इधर-उधर घुमाता रहा। इसके बाद वह परिजनों के साथ खुद लाइब्रेरी गया, जहां युवती की सीट नंबर 34 पर जाकर उसकी किताबें चेक करने लगा और कथित तौर पर किताबों में से कोई कागज चुराकर अपनी जेब में रख लिया।

# थाना निजामपुर में सरपंचों की पुलिस के साथ बैठक



**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशानुसार थाना निजामपुर में क्षेत्र के सरपंचों एवं मौजिज व्यक्तियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निजामपुर द्वारा की गई। बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को अपने-अपने गांवों में नशे के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान चलाने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही गांवों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा अवैध खनन ओर असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, नशा तस्करी, अवैध खनन अथवा असामाजिक तत्वों की जानकारी प्राप्त होती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक में उपस्थित सभी सरपंचों एवं मौजिज व्यक्तियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस का सहयोग करने तथा अपराध एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आश्वासन दिया।

## पुलिस ने 8.65 ग्राम हेरोइन सहित आरोपित पकड़ा

**महेंद्रगढ़।** थाना सतनाली की पुलिस टीम ने 8.65 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 8.65 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सतनाली पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सतनाली क्षेत्र में एक बंद पड़े होटल के नीचे बने कमरे में एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ रखे हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में मौके पर पहुंचकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी चेतन निवासी सतनाली के कब्जे से 8.65 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर जब्त कर लिया गया।

# जेठ में सावन जैसी बरसात, नारनौल में सबसे अधिक 23 मिमी बारिश

- किसानों के खिले चेहरे तो शहर की कई कॉलोनियों में जलभराव से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मंगलवार को जिले में मानसून पूर्व हुई जोरदार बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। सुबह करीब सात बजे शुरू हुई वर्षा कई घंटों तक रुक-रुक कर जारी रही। जेठ की तपती गर्मी के बीच हुई इस बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरों पर भी खुशी लौट आई। हालांकि शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और देखते ही देखते झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। कई दिनों से गर्मी से परेशान लोग घरों से बाहर निकलकर मौसम का आनंद लेते दिखाई दिए। तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। जारी बारिश रिपोर्ट के अनुसार 15 जून सुबह आठ बजे से 16 जून सुबह आठ बजे तक जिले में सबसे अधिक 23 मिलीमीटर वर्षा नारनौल में दर्ज की गई। इसके अलावा अटेली में 16.5 मिमी, महेंद्रगढ़ में 15.5 मिमी, नांगल चौधरी में 14.5 मिमी, सतनाली में 14 मिमी तथा कनीना में 7 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इस बारिश को किसानों के लिए बेहद लाभदायक माना जा रहा है।



नारनौल। बरसात के बाद गली में भरा पानी। फोटो : हरिभूमि

### फसलों को फायदा

खरीफ सीजन की तैयारियों में जुटे किसानों का कहना है कि वर्षा से खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे आगामी दिनों में बुआई कार्य आसान हो जाएगा। वहीं जिन किसानों ने पहले ही बाजरा बो दिया है, उनकी फसलों को भी इस बारिश से काफी फायदा मिलने की उम्मीद है। बाजरा के साथ-साथ क्षेत्र के किसान ग्वार एवं मूंग की भी बिजाई करते हैं। दूसरी ओर शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल भी बारिश ने खोल दी। नई सराय, पुरानी सराय, सैन चौक, रविदास मंदिर मार्ग, राधा-कृष्ण मंदिर क्षेत्र, पार्क गली, नलापुर, जैन धर्मशाला के आसपास, पुरानी कचहरी, शिवाजी नगर और सेक्टर-एक सहित कई क्षेत्रों में पानी भर गया। सड़कों पर जलभराव के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## डिप्लोमा: आवेदन की अंतिम तिथि आज

**नारनौल।** जिला एमएसएमई केंद्र के उप निदेशक संदीप ने बताया कि भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए तीन वर्षीय हथकरघा एवं वस्त्र प्रौद्योगिकी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में हरियाणा के अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 17 जून है। इस पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए न्यूनतम 35 प्रतिशत अंकों के साथ दसवीं पास होना जरूरी है, जबकि लेटरल एंट्री के जरिए द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश के लिए विज्ञान विषयों या वस्त्र निर्माण व्यावसायिक स्ट्रीम के साथ 12वीं, अथवा दसवीं के बाद वस्त्र निर्माण में दो वर्षीय आईटीआई उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। हरियाणा राज्य के लिए प्रथम वर्ष में कुल 8 सीटें (1 ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित) और द्वितीय वर्ष के लेटरल एंट्री के लिए 1 सीट निर्धारित की गई है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को न्यूनतम 80 प्रतिशत उपस्थिति होने पर प्रतिवर्ष 10 माह तक 2500 रुपए प्रति माह का वजीफा दिया जाएगा।

**भ्रष्टाचार** प्रबंधक के खिलाफ केस दर्ज, पुलिस जांच में जुटी, सहायक रजिस्ट्रार कार्यालय से विस्तृत रिपोर्ट मांगी

31 मार्च 2022 तक 35 लाख 24 हजार 305 रुपये 12 पैसे के गबन का मामला आया सामने

# दी गुढ़ा बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति में 35 लाख से अधिक का गबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

कनीना उप मंडलके गांव गुढ़ा की दी गुढ़ा बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड (पैक्स) में लाखों रुपये के गबन के मामले में पूर्व प्रबंधक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की जांच में प्रथम दृष्टया सरकारी धनराशि के गबन के तथ्य सामने आने के बाद थाना सदर कनीना में भारतीय दंड संहिता की धारा 409 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां महेंद्रगढ़ प्रवीन कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक को भेजी गई शिकायत में बताया गया कि गांव रसूलपुर निवासी रामराज उर्फ मामराज ने दी गुढ़ा बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति में प्रबंधक पद पर कार्यरत रहते हुए 31 मार्च 2022 तक 35 लाख 24 हजार 305 रुपये 12 पैसे का गबन किया।



कनीना। दी गुढ़ा बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति का कार्यालय।

### आर्थिक अपराध शाखा ने जांच की

शिकायत मिलने पर आर्थिक अपराध शाखा नारनौल ने मामले की जांच की। जांच के दौरान रामराज ने दावा किया कि विभागीय जांच चल रही है तथा कुछ बकाया राशि उसकी पूर्व अवधि से संबंधित थी, जिसे वर्तमान मामले में जोड़ दिया गया है। इसके बाद ईओडब्ल्यू ने सहायक रजिस्ट्रार कार्यालय से विस्तृत रिपोर्ट मांगी। विभाग ने अपने रिकॉर्ड और रिपोर्ट में गबन के लिए रामराज को ही जिम्मेदार बताया।

### नहीं कराई राशि जमा

मामले की सुनवाई के दौरान सहायक रजिस्ट्रार न्यायालय ने हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम, 1984 की धारा 101 के तहत कार्रवाई करते हुए रामराज को पर्याप्त अवसर प्रदान किया। इसके बाद 29 दिसंबर 2023 को 35.24 लाख रुपये की राशि पर 18 प्रतिशत ब्याज सहित सरचार्ज आदेश पारित किया गया। विभाग के अनुसार नौ दिसंबर 2025 तक भी उक्त राशि जमा नहीं करवाई गई।

### कई अनियमितताएं मिलीं

ऑडिट रिपोर्ट वर्ष 2021-22 के अनुसार समिति की 13 लाख 76 हजार 94 रुपये 45 पैसे की नकद राशि (कैश इन हैंड) भी प्रबंधक के जिम्मे दर्शाई गई थी तथा अन्य वित्तीय अनियमितताएं भी पाई गईं।

### मामला दर्ज करने की सिफारिश

आर्थिक अपराध शाखा के प्रभारी उपनिरीक्षक युद्धवीर सिंह ने जांच रिपोर्ट में कहा कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों, रिकॉर्ड और रिपोर्ट के आधार पर पूर्व प्रबंधक रामराज के खिलाफ सरकारी धनराशि के गबन के प्रथम दृष्टया तथ्य पाए गए हैं। इसी आधार पर आपराधिक मामला दर्ज कर अनुसंधान किए जाने की सिफारिश की गई।

### पुलिस ने की एफआईआर

जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद थाना सदर कनीना पुलिस ने रामराज उर्फ मामराज के खिलाफ धारा 409 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंप दी है।

# बिजली फाल्ट धमाकों से सहमे लोग, अटेली कार्यालय पर हंगामा



मंडी अटेली। शहरवासी एसडीओ दीपक को अपनी समस्या के बारे में बताते हुए।

**मंडी अटेली।** अटेली मंडी के शहरवासियों ने बिजली समस्याओं को लेकर बिजली निगम कार्यालय अटेली में पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने अपनी समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की। शहरवासी संदीप जांगिड़ और मुकेश शर्मा ने बताया कि अटेली के कृष्ण कुंज के गेट के समीप से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन जो कृष्णा कुंज में लगे ट्रांसफार्मर तक जाती है लगातार खतरा बनी हुई है। इस लाइन में बार-बार तेज धमाके होते रहते हैं, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहता है। उन्होंने बताया कि दिनभर में एक से दो बार धमाके होने की घटनाएं सामने आती हैं जिसके कारण कई बार पशु-पक्षियों की मौत भी हो चुकी है। साथ ही आसपास रहने वाले लोगों के लिए भी यह स्थिति बेहद खतरनाक बनी हुई है। इन धमाकों के कारण घरों में लगे बिजली उपकरण भी खराब हो रहे हैं जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि इस गंभीर समस्या को लेकर वे पहले भी कई बार अवगत कराया जा चुका हैं लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। इस बारे में एसडीओ दीपक ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है और जल्द ही टीम भेजकर लाइन की जांच करवाई जाएगी। आवश्यक मरम्मत या बदलाव कर समस्या का समाधान किया जाएगा।



# समारा ने चुलबुले अंदाज से जीता फैंस का दिल...

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी ने अपने क्यूट अंदाज, आत्मविश्वास और कैमरा-फ्रेंडली स्टाइल से एक बार फिर सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है। रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और भरत साहनी की बेटी समारा को हाल ही में पैपराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान वे ऑल-डेनिम लुक में चुलबुले अंदाज में नजर आईं। पैप्स को देखते हुए उन्होंने पाउट बनाकर पोज देना शुरू कर दिए। उन्हें देख नेटिजंस लिख रहे हैं कि लगता है समारा मामी आलिया भट्ट की राह पर आगे बढ़ेंगी। समारा ने कैमरा-फ्रेंडली पोज से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं।

## लाइफ Style

# दिव्या

## सुमन के किरदार से राख में लगाए चार चांद

हाल ही में रिलीज हुई अली फजल की वेब सीरीज 'राख बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में है। इसमें दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार निभाया है, जिनका अपहरण हो जाता है और सीरीज की पूरी कहानी उन्हें ढूंढने और अपराधी को पकड़ने के इर्द गिर्द घूमती है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या शर्मा एक नई और उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने हाल ही में आई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज राख में सुमन का किरदार निभाकर काफी ध्यान खींचा है। इस सीरीज में उनका रोल बेहद अहम है, क्योंकि कहानी सुमन और उसके भाई के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है। दिव्या ने इस किरदार को बहुत ही सादगी और इमोशन के साथ निभाया है, जिससे दर्शकों पर गहरा असर पड़ा है। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। इसके बाद पूरी कहानी उनकी तलाश और इस रहस्य को सुलझाने पर आधारित होती है। दिव्या शर्मा की एक्टिंग इस किरदार में काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय' में जुही के किरदार में नजर आईं थीं। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं। इससे पहले वे 'ककून' नाम की मिनी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। वेब सीरीज 'राख' रिलीज हो चुकी है। यह सीरीज 1978 के कुख्यात रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित है, जिसे भारत के सबसे खौफनाक अपराधों में गिना जाता है।



## हॉलीवुड मसाला



# सबसे बड़े टक्कर की मिली झलक

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की अपकमिंग फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' को लेकर एक बड़ा लीक सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'अवेंजर्सः डूम्सडे' के इस क्लिप में एमसीयू के अब तक के सबसे बड़े क्रॉसओवर की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो लीक होने के बाद जमकर वायरल हो रहा है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीक फुटेज में रॉबर्ट डाउनी जूनियर का डॉक्टर डूम एक विशाल सेंटिनल आर्मी के साथ नजर आ रहा है।



# जेंडाया-टॉम ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर कपल जेंडाया और टॉम हॉलैंड अपनी नई फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के प्रमोशन के लिए स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचे हैं। वहां के 'फोर सीजन्स होटल' में आयोजित एक इवेंट में दोनों ने एक साथ एंट्री की। जेंडाया और टॉम हॉलैंड ने रेड कार्पेट पर ब्लैक रंग के मैचिंग कपड़ों में बेहद खूबसूरत पोज दिए। टॉम हॉलैंड ने काले रंग के सूट के साथ लाल शर्ट पहनी थी, जो उनके स्पाइडर-मैन लुक की याद दिला रही है। जेंडाया ने काले रंग की स्टाइलिश स्ट्रैपलेस ड्रेस पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने मैचिंग हील्स और खूबसूरत झुमके पहने। उनका हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



# करना पड़ा था बॉडी शेमिंग का सामना

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी फिल्म 'मां बहन' में शानदार परफॉर्मेंस को लेकर खूब तारीफें बटोर रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिनों को याद कर बड़ा खुलासा किया है। 'मां बहन' फिल्म में उनका किरदार समाज की सोच और जजमेंट का सामना करता है, खासकर उनके स्लीवलेस ब्लाउज पहनने को लेकर। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में माधुरी ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें भी बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। माधुरी ने बताया कि एक पब्लिक फिगर होने के नाते लोगों की राय और कमेंट्स से बचना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जब मैंने करियर शुरू किया था, तब लोग कहते थे कि मैं बहुत पतली हूं। लोग कहते थे- इसको कुछ खिलाओ। लोग बहुत जल्दी जज कर लेते हैं।



# मलयालम सिनेमा में पहला कदम...

**मुंबई।** फिल्म 'ओडियन- द एज ऑफ इल्यूजन' का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है, जिसे करण जौहर ने शेयर किया है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनेगी। इस तरह निर्माता का यह मलयालम सिनेमा जगत में पहला कदम है। बता दें कि 'ओडियन' में पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। फिल्म 'ओडियन' के निर्देशन की कमान राहुल सदाशिवन के कंधों पर हैं। वहीं, फिल्म में पृथ्वीराज के साथ मंजू वारियर अहम भूमिका में नजर आएंगी। करण जौहर ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने लिखा है, 'धर्मा मूवीज में हम मलयालम सिनेमा की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे साथ इसके लिए सबसे अच्छे पार्टनर हैं'।

## टीवी मसाला



# संचिता की मौत के बाद टीवी इंडस्ट्री पर फूटा आंचल का गुस्सा

**नई दिल्ली।** युवा अभिनेत्री संचिता उगले ने 14 जून को आत्महत्या कर ली। उन्होंने 'कुमकुम भाग्य'; 'साजन घर' और 'दिलवाली दूल्हा ले जाएगी' जैसे कई चर्चित शो में काम किया था। संचिता की मौत के बाद एक्ट्रेस आंचल खुराना ने टीवी जगत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काम के दबाव और काम करने के तरीकों पर भी बात की। आंचल खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बीते दिन एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे काफी परेशान नजर आईं। उन्होंने संचिता के निधन पर दुख जताते हुए टीवी इंडस्ट्री के काम के ऐसे दर्रे का खुलासा किया, जिससे कलाकारों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। आंचल का कहना है कि टीवी जगत में अगर आप किसी को लाइन नहीं दे रहे तो आपको रिप्लेस करना वहां बहुत ही आसान है। आंचल वीडियो में कह रही हैं, 'एक एक्टर ने सुसाइड कर लिया। चैनल को टीआरपी चाहिए, प्रोड्यूसर को बजट बचाना है और दर्शकों को मनोरंजन चाहिए। लेकिन, इसके पीछे क्या आपने कभी सोचा है कि एक एक्टर किन हालातों से गुजरता है? एक छोटी सी बात पर रिप्लेसमेंट। किसी के साथ सोओगे नहीं तो रिप्लेसमेंट, किसी से बहस कर लोगे तो रिप्लेसमेंट। अपना आत्म-सम्मान बचाओगे तो रिप्लेसमेंट'। आंचल ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, 'हो सकता है कि इससे चैनल और प्रोड्यूसर नाराज हो जाएं, लेकिन सच तो यही है। मैं कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई खड़ी रहती हूं, लेकिन अंदर एक तूफान चल रहा होता है। हर दिन हम अगले ऑडिशन, उस एक लाइन या अपने सपने को पाने की कोशिश में जागते हैं। जो चीज किसी को दिखाई नहीं देती। जिस पर कोई ध्यान नहीं देता, वह है हमारी थकान। प्रासंगिक बने रहने का दबाव और भुला दिए जाने का डर बहुत भारी पड़ता है।

## बिग बॉस 20 में धमाल मचाएंगे ये सितारे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के साथ बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान फिर से होस्ट की कुर्सी संभालने के लिए तैयार हैं। अभिनेता के 21 सितंबर से आने वाले सीजन की शूटिंग शुरू करने की संभावना है। बिग बॉस 20 को लेकर उत्साह बढ़ रहा है और कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले इस शो के नए सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर दिख सकते हैं। नए सीजन में जिन नामों की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, उनमें फैसल शेख (मिस्टर फैसु), रिधिमा गुप्ता, अंजलि अरोड़ा, जन्नत जुबैर, आवेज दरबार और ऊर्फी जावेद शामिल हैं। अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग की वजह से ये सभी ऑनलाइन चर्चाओं में पसंदीदा बने हुए हैं। एक तरफ जहां आवेज बिग बॉस के पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके हैं वहीं उर्फी जावेद शो के पहले ओटीटी सीजन का हिस्सा थीं, इसलिए उनका वापस आना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होगा।



# दीपिका के बाहर होते ही कल्कि-2 में हुई आलिया की एंट्री...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब आलिया भट्ट की एंट्री होने की खबर है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए पहले से शूटिंग कर ली है। अगर ऐसा हुआ तो साई पल्लवी और आलिया एक ही फिल्म में नजर आएंगी। साल 2024 में प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। फिल्म में उनके किरदार और काम को पसंद किया गया था। मेकर्स कल्कि का दूसरा पार्ट बना रहे हैं। कुछ समय पहले खबर सामने आई थी कि दीपिका इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई है। मेकर्स ने दीपिका को रिप्लेस करते हुए साई पल्लवी को अपने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया था। अब ताजा खबरों की मानें तो आलिया भट्ट भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ सकती हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया की कई रिपोर्ट्स की मानें तो कल्कि 2 से आलिया भट्ट का नाम जुड़ गया है। इउच रिपोर्ट में कहा गया है कि वो दीपिका को रिप्लेस कर रही हैं। वहीं कुछ के मुताबिक उनका रोल एकदम अलग और नया होगा। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने पहले फी फिल्म के लिए कुछ सीन शूट



कर लिए हैं। इन सीन को शूट करने के लिए आलिया हैदराबाद गई थीं। अगर ये रिपोर्ट सही निकलीं तो आलिया भट्ट और साई पल्लवी एक ही फिल्म में नजर आएंगी। इस खबर पर आलिया भट्ट की तरफ से कोई पुष्टि नहीं है। लेकिन फिल्म कल्कि 2 से जुड़े एक शख्स ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत की। शख्स ने बताया कि इस खबर पर अभी कोई ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सब वही कॉपी पेस्ट कर रहे हैं। आलिया की कास्टिंग को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। दीपिका पादुकोण के साथ से एक नहीं दो बड़ी फिल्में निकल गई।

# इटली की एक फिल्म पर 28 बार बन चुका है रीमेक, रोचक तरीके से दिखाती है कहानी...

*__नई दिल्ली।__ फिल्म इंडस्ट्री में रीमेक फिल्मों का चलन कोई नया नहीं है। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ सिनेमा तक, कई सफल फिल्मों को अलग-अलग भाषाओं और देशों में दोबारा बनाया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बार रीमेक की जाने वाली फिल्म कौन सी है? इस रिकॉर्ड पर इटली की एक फिल्म का कब्जा है। इसे अब तक 28 बार अलग-अलग भाषाओं और देशों में रीमेक किया जा चुका है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी सरल लेकिन गंभीर कहानी है। ये फिल्म आधुनिक दौर में मोबाइल फोन, पर्सनल लाइफ और रिश्तों के कॉम्प्लिकेशंस को बेहद रोचक तरीके से दिखाती है।*

## कौन-सी है ये फिल्म?

इस फिल्म का नाम है 'परफेक्ट स्ट्रेंजर्स', जो 2016 में रिलीज हुई थी। ये एक कुछ पुराने दोस्तों की कहानी है, जो एक डिनर पार्टी में मिलते हैं।बातचीत के दौरान सभी दावा करते हैं कि उनकी जिंदगी में कोई राज नहीं है और वे एक-दूसरे से कुछ नहीं छिपाते. इसी दावे को परखने के लिए वे एक खेल खेलते हैं। खेल के नियम के मुताबिक, सभी को अपने मोबाइल फोन टेबल पर रखने होते हैं और आने वाले हर कॉल, मैसेज और नोटिफिकेशन को सबके सामने शेयर करना होता है। इसके बाद एक-एक करके ऐसे राज सामने आते हैं, जो उनकी दोस्ती, रिश्तों और पर्सनल लाइफ को झकझोर देते हैं।



*__बॉलीवुड में भी बन चुका है रीमेक :__ इस फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका हिंदी रीमेक भी बनाया जा चुका है। अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में इसी कहानी पर आधारित थी। हालांकि, ओरिजिनल इटैलियन फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से ज्यादा सराहना मिली। जहां ओरिजिनल फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.7 रही, वहीं हिंदी वर्जन को इसकी तुलना में कम रेटिंग मिली है।*

## आखिर क्यों इतनी बार बनी रीमेक?

परफेक्ट स्ट्रेंजर्स की कहानी यूनिवर्सल है। रिश्ते, दोस्ती, विश्वास और छिपे हुए राज जैसी बातें दुनिया के हर समाज में लोगों को जोड़ती हैं।इसके अलावा फिल्म का बजट भी काफी कम है। ज्यादातर कहानी एक ही लोकेशन पर आधारित है और इसमें बड़े एक्शन या महंगे सेट्स की जरूरत नहीं पड़ती. यही वजह है कि अलग-अलग देशों के मेकर्स इसे अपने स्थानीय दर्शकों के हिसाब से आसानी से ढाल लेते हैं।

## कुछ हुई हिट तो कुछ को नहीं मिला ऑडियंस

# इन फिल्मों में पत्नी ने पति को धोखा देकर गैर मर्दों से चलाया अफेयर

*__नई दिल्ली।__ हम फिल्मों में अक्सर देखते हैं कि हीरे-हीरोइन प्यार में इस कदर पागल होते होते हैं कि एक-दूसरे को पाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। यही नहीं, वो अपने प्यार के लिए परिवार और समाज से भी लड़ जाते हैं। लेकिन तब क्या हो जब उनका प्यार ही बेवफा हो जाए। हिल गए न दिमाग के तार। जी हां आज, हम आपको ऐसी ही फिल्मों और सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें एक पत्नी ने अपने पति के पीठ पीछे गैर मर्द संग अफेयर चलाया।*



### कभी अलविदा ना कहना

'कभी अलविदा ना कहना' साल 2006 में रिलीज हुई थी। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बच्चन और शाहरुख खान लीड रोल में थे। रानी का फिल्म में शाहरुख खान संग अफेयर हो जाता है। इसे आप नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### मर्डर

2004 में रिलीज हुई 'मर्डर' एक प्रसिद्ध बॉलीवुड इरॉटिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में दिखाया गया कि कि मल्लिका अपने बिजी पति से परेशान होकर अपने एक्स बॉयफ्रेंड से फिर से चक्कर चलता है। इसे आप फ्री में नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### रुस्तम

साल 2016 में आई अक्षय कुमार की फिल्म 'रुस्तम' की कहानी 1959 के चर्चित के.एम. नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य के वास्तविक जीवन के मर्डर केस और देश की सुरक्षा से जुड़े एक घोटाले पर आधारित है। इस फिल्म में अक्षय एक नेवी ऑफिसर होते हैं। वहीं, उनकी पत्नी सिंथिया (इलियाना डिक्रूज) का अफेयर किसी और से हो जाता है। इस सस्पेंस और कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को आप फ्री में जी5 पर देख सकते हैं।

### ऐतराज

बॉलीवुड की हिट फिल्मों में 'ऐतराज' का नाम शामिल है। साल 2004 में आई 'ऐतराज' एक रोमांटिक साइको थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर लीड रोल में हैं। मूवी में अक्षय कुमार के लिए प्रियंका पति अमरीश पुरी को धोखा देती हैं। इसे आप फ्री में जी5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। पुरी को धोखा देती हैं।

### हसीन दिलरुबा

'हसीन दिलरुबा' साल 2021 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। कहानी रानी (तापसी पन्नू) और उसके पति ऋषभ उर्फ 'रिशु' (विक्रांत मैसी) के इर्द-गिर्द घूमती है। मूवी में दिखाया गया कि रानी का अफेयर रिशु के चचेरे भाई नील (हर्षवर्धन राणे) के अफेयर में पड़ जाती है। इसके बाद होती है नील की हत्या का कांड। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### सिलसिला

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित साल 1981 की क्लासिक फिल्म 'सिलसिला' लव ट्रायंगल पर बनी है। इस मूवी में अमिताभ बच्चन, रेखा, जया बच्चन और संजीव कुमार लीड रोल हमें थे। फिल्म में दिखाया गया था कि रेखा अपने पति संजीव को और अमिताभ अपनी पत्नी जया को धोखा देकर एक-दूसरे से चक्कर चलतो हैं। एक हिट फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ब्लैकमेल

इरफान खान की 'ब्लैकमेल' साल 2018 में रिलीज हुई एक बेहतरीन डार्क-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी देव कौशल (इरफान खान) नाम के एक सामान्य, मिडिल-क्लास आदमी की है, जो अपनी नीरस जिंदगी और ईएमआई के बोझ से परेशान रहता है। देव एक दिन अपनी पत्नी रीना (कीर्ति कुल्हारी) को सरप्राइज देने के लिए जल्दी घर लौटता है। वहाँ उसे पता चलता है कि रीना का रणजीत (अरुणोदय सिंह) नाम के एक शादीशुदा आदमी के साथ अफेयर चल रहा है। इसके बाद शुरू होता है ब्लैकमेलिंग का गंदा खेल। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### द फैमिली मैन

'द फैमिली मैन' एक हिट सीरीज रही है। इसके पहले सीजन में दिखाया गया कि पैसे कमाने और काम के चले मनोज वाजपेयी अपनी पत्नी सुची को टाइम नहीं देते हैं। ऐसे में वो प्यार और सहारे के लिए किसी और के पास नहीं बल्कि अपने ही बॉस के करीब हो जाती है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

## स्याणा में बाबा सुन्दर पुरी की पंच धूनी तपस्या 35 वे दिन जारी



**कनीना।** कनीना उपमंडल के गांव स्याणा के ढाब आश्रम स्थल पर ऋषि चाउंड मंदिर परिसर में बाबा सुन्दर पुरी महाराज द्वारा गत 13 मई से आगामी 22 जून 2026 तक 41 दिवसीय पंच धूणी की तपस्या सुबह 10 बजकर 15 मिनट से दोपहर बाद 2 बजकर 15 मिनट तक की जा रही है। मंगलवार तपस्या का 35वां दिन था। हर रोज की तरह गांव स्याणा व पास पडौस के गांवों की सैंकड़ों महिलाओं ने पंच धूणी की परिक्रमा दी और भजन कीर्तन करके धार्मिक आस्था को बढ़ावा दिया। इस पावन अवसर पर सेवा देने वालों में ढाब आश्रम स्थल के महन्त श्रद्धानंद महाराज, महन्त प्रदीप पुरी महाराज बहु झोलरी, महंत सत्यनारायण पुरी महाराज पोता, मास्टर सीताराम कैमला, ओमप्रकाश पोता, रोहतास शर्मा चांगरोड़, धनराज चौधरी चिड़िया, सुनील आदमपुर ढाडी, महेंद्र चिड़िया, श्रीराम जांगिड़ नौताना,सुरेश जांगिड़ स्याणा सहित गांव के सैंकड़ों गणमान्य भक्तजनों ने सेवाएं देकर धार्मिक आस्था को बढ़ावा दिया है।

# बागवानी जागरूकता शिविर लगाकर किसानों को दी विभागीय योजनाओं और अनुदान की जानकारी, लाभ उठाने की दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौल



नारनौल। बागवानी जागरूकता कैंपों में मौजूद किसान। फोटो : हरिभूमि

केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में बागवानी विभाग की ओर से मंगलवार जिला के विभिन्न गांवों में बागवानी जागरूकता कैम्प का आयोजन किया। इन कैंपों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को आधुनिक बागवानी तकनीकों और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना है। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि किसानों को बागवानी के बारे में जागरूक करने के लिए आज अटेली खंड के गांव गढी रूथल, नांगल चौधरी खंड के गांव नायन, नारनौल खंड के गांव मंडलाना, खंड महेंद्रगढ़ के गांव देवनगर व कनीना में बागवानी जागरूकता कैम्प का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि इन सभी जागरूकता कैंपों में पहुंचे विभागीय विशेषज्ञों ने किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की तकनीकी जानकारी दी ताकि वे ज्यादा से ज्यादा सरकारी अनुदान और सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

### नए बाग लगाने पर मिलेगा 42 हजार रुपये प्रति एकड़ अनुदान

जिला उद्यान अधिकारी डॉ प्रेम कुमार ने बताया कि नए बाग लगाने के लिए किसान नींबू वर्गीय, अमरूद व अनार आदि का बाग लगा सकता है। नया बाग लगाने पर अनुदान राशि दो किस्तों में कुल 42 हजार रुपये प्रति एकड़ 50 फीसदी अनुदान अनुदान का प्रावधान है। बाग लगाने के तहत एक किसान अधिकतम पांच एकड़ क्षेत्र तक अनुदान का लाभ ले सकता है। इस दौरान कृषि विभाग की योजनाओ के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। इन कैम्प में किसानों को बागवानी के साथ-साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञों द्वारा जागरूक किया जा रहा है।

### सफल बागवानी के लिए अपनाएं वैज्ञानिक तरीके

विशेषज्ञों के अनुसार नए बाग के लिए 3x3 फिट के गडढे खोदते समय पहले उपर 1.5 फीट मिट्टी अलग निकाल ले व नीचे की 1.5 फीट मिट्टी अलग निकाले व 15 दिन गड्ढों को खुला छोड दें। इसके बाद प्रत्येक गड्ढे में उपर वाली 1.5 फीट मिट्टी में गोबर की खाद, सिंगल सुपर फोस्फेट मिलाकर गड्ढों को भर कर पानी लगाएं पौधे लगाने से पहले दो दिन तक गड्ढों में पानी ना दें।

### किसी भी नर्सरी से खरीद सकते हैं पौधे

बागवानी से संबंधित किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। आवेदन के लिए **hortnet.hortharyana.gov.in** पंजीकरण करवाकर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के बाद अनुदान पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रदान किया जाएगा। इस विषय में अधिक जानकारी के लिए संबंधित ब्लाक उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क करें।

## खबर संक्षेप

### सिसोठ में हनुमानजी के रोट का भव्य कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** सिसोठ गांव में धार्मिक आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। माता भूरा भवानी मंदिर कमेटी प्रधान संदीप यादव के अनुज भ्राता अमित पुत्र स्व. रामनिवास द्वारा अपने निवास पर हनुमानजी के रोट का भव्य आयोजन किया गया। सोमवार रात्रि को महिलाओं द्वारा बाबा का जागरण एवं भजन-कीर्तन किया गया। मंगलवार सुबह 8 बजे पंडित हरिप्रकाश शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन करवाया। हवन के पश्चात बालाजी महाराज को रोट का भोग लगाकर गांव के लोगों, रिश्तेदारों एवं मित्रों में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर ममाज टीम सदस्य मुकेश चौहान एवं शिव कुमार ने कहा कि घर-परिवार में खुशी के अवसरों पर ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिए।

### तोबड़ा में तीन दिवसीय योग शिविर आज से

**मंडी अटेली।** सर्व समाज जागरूकता मंच एवं उज्वल ग्रामीण विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गांव तोबड़ा में तीन दिवसीय योग एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आज 17 जून से प्रारंभ होगा, जिसमें क्षेत्र के लोगों को योग एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। शिविर के दौरान अनुभवी योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जाएगा । साथ ही विभिन्न बीमारियों से बचाव, संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

# शहीद विपिन जांगड़ा की पुण्यतिथि पर प्रतिमा का किया अनावरण

## पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह बोले, विपिन का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौल



नारनौल। आदमकद प्रतिमा का अनावरण करते पूर्व मंत्री डा. अभयसिंह यादव एवं नेवी के वाइस एडमिरल अजेंद्र बहादुर सिंह। फोटो : हरिभूमि

देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले नौ सैनिक शहीद विपिन जांगड़ा की पुण्यतिथि पर मंगलवार को गांव निवाजनगर श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस अवसर पर शहीद की प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय नौसेना के वाइस एडमिरल अजेंद्र बहादुर सिंह ने की।

समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, पूर्व सैनिकों, नौसेना अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत दिल्ली से पहुंचे नौसेना अधिकारियों द्वारा शहीद की प्रतिमा एवं चित्र पर पुष्पचक्र अर्पित करने के साथ हुई। पूरे आयोजन के दौरान "भारत माता की जय" और "शहीद विपिन जांगड़ा अमर रहें" के नारों से वातावरण गूंजता रहा। श्रद्धांजलि सभा में हर आंख नम थी, लेकिन सीना गर्व से चौड़ा नजर आया। मुख्य अतिथि डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि शहीद विपिन जांगड़ा का बलिदान केवल उनके परिवार या गांव की धरोहर नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे शहीदों के आदर्शों को अपनाकर मजबूत और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि जिस मिट्टी ने विपिन जैसे वीर सपूत को जन्म दिया, वह वास्तव में धन्य है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कमांडर कर्णसिंह फौगाट, जिला पार्षद रेखा देवी, नेवल वेटरन महेंद्रगढ़ के अध्यक्ष सत्यवीर सिंह सिसोठिया, निवाजनगर के सरपंच रमेश कुमार स्वामी, आजमनगर सिहार के सरपंच संदीप सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शहीद विपिन जांगड़ा के आदर्शों पर चलने और राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया।
कार्यक्रम में शहीद के पिता सुशील कुमार, माता सरला देवी, बहन सपना, नांगल चौधरी पंचायत समिति चेयरमैन कर्मपाल यादव समेत ओमप्रकाश मास्टर, अशोक पंच, बाबूलाल मास्टर, अनीश पटवारी, हेमंत, राक्सी, एक्स नेवी दशरथ कुमार, मास्टर जसवंत धौलेड़ा, एक्स नेवी नरेंद्र सिंह, एक्स नेवी सांवत सिंह, एक्स नेवी महीपाल सिंह, ओमप्रकाश सैनी, एक्स नेवी मनोज कुमार, एक्स नेवी विरेंद्र सिंह, ग्राम निवाजनगर एवं आजमनगर सिहार के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## लेफ्टिनेंट बनकर गांव लौटे मोहित कुमार का स्वागत



नारनौल। गांव महरमपुर के होनहार युवा मोहित कुमार के भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर मंगलवार को गांव पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने बस स्टैंड पर एकत्र होकर फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया तथा खुली गाड़ी में पूरे गांव में शोभायात्रा निकालकर अपनी खुशी का इजहार किया। मोहित कुमार के पिता नवीन कुमार ने बताया कि जून 2022 में मोहित का चयन एसएसबी इलाहाबाद के माध्यम से हुआ था। उस समय उन्होंने 12वीं की परीक्षा पूरी की थी। चयन के बाद उन्होंने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) गया, बिहार में प्रशिक्षण शुरू किया। इसके बाद उन्हें बीटेक कंप्यूटर साइंस की तीन वर्षीय पढ़ाई के लिए मध्यप्रदेश के महू स्थित सैन्य संस्थान भेजा गया। वहां से डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्होंने भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) देहरादून से प्रशिक्षण पूरा किया और 13 जून को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त किया। मंगलवार को गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बस स्टैंड से लेकर घर तक फूल बरसाए गए और डीजे की धुनों पर ग्रामीणों ने खुशी मनाई। घर पहुंचने पर मोहित ने अपने माता-पिता, दादा-दादी और अन्य बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। अपने पौते को सेना में अधिकारी के रूप में देखकर दादा मांगेराम की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मोहित की माता अनीता गृहिणी हैं, जबकि उनके पिता नवीन कुमार भारतीय नैवी से सेवानिवृत्त होने के बाद वर्तमान में बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर कैप्टन अमर सिंह, सरपंच, राजेश कुमार, मुकेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



नारनौल। जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्या सुनते नेताजी अतरलाल।

## सुन्दरह से महेन्द्रगढ़ तक रोडवेज का जायज किराया निर्धारित करें

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौल

बहुजन समाज पार्टी के नेता एवं समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने महाप्रबन्धक रोडवेज नारनौल डिपो को ज्ञापन भेजकर सुन्दरह से महेन्द्रगढ़ तक का रोडवेज बस किराया 20 रुपये वसूलने पर विरोध जताया है। उन्होंने महाप्रबन्धक से जांच करवाकर सुन्दरह से महेन्द्रगढ़ तक का नया जायज किराया निर्धारण करने और कनीना बस अड्डे से सायं सात बजे वाया नांगल, मोहनपुर, कोका, झिंगावन, सुन्दरह होते हुए नारनौल तक एक नई रोडवेज की बस चलाने की मांग की है। अतरलाल ने ज्ञापन के बारे में जानकारी देते हुए कहा है कि उन्हें सुन्दरह, कोका, झिंगावन, बेवल गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से शिकायत मिली है कि सुन्दरह गांव से महेन्द्रगढ़ की दूरी मात्र 10 किलोमीटर है। हरियाणा रोडवेज द्वारा सुन्दरह से महेन्द्रगढ़ तक इस 10 किलोमीटर दूरी का किराया 20 रूपए वसूला जा रहा है जो गलत और खिलाफ कानून है। रोडवेज बसों द्वारा इस गलत किराया वसूली को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि 15 दिन के अंदर जांच करवाकर नया जायज किराया निर्धारित नहीं किया गया तो महाप्रबन्धक रोडवेज नारनौल के कार्यालय के समक्ष धरना दिया जाएगा।

### यह मांग भी उठाई

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने दूसरी शिकायत यह की कि कनीना बस अड्डे से सायं पांच बजे के बाद कनीना से वाया नांगल, मोहनपुर, कोका, सुन्दरह, झिंगावन होते हुए नारनौल तक कोई रोडवेज बस संचालित नहीं है। कनीना बस अड्डे से सायं पांच बजे के बाद इस रूट की सवारियों को अपने गांवों में पहुंचने के लिए बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। इसलिए कनीना बस अड्डे से सायं 7 बजे नारनौल के लिए वाया नांगल, मोहनपुर, कोका, सुन्दरह, झिंगावन होकर एक नई रोडवेज बस चलाई जाए।

## एबीवीपी के इकाई दर्शन प्रवास के अंतर्गत सतनाली में संवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏩ सतनालीमंडी



सतनाली। कार्यक्रम में उपस्थित एबीवीपी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे इकाई दर्शन प्रवास अभियान के अंतर्गत सतनाली नगर इकाई में रेवाड़ी विभाग के विभाग प्रमुख डा. दिनेश शर्मा का प्रवास रहा। इस अवसर पर आयोजित बैठक में डा. दिनेश शर्मा ने कार्यकर्ताओं को परिषद के इतिहास, स्थापना, विचारधारा तथा छात्र और राष्ट्रहित में किए गए विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी इकाइयों में होती है तथा प्रत्येक कार्यकर्ता परिषद का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचकर संगठन विस्तार का आह्वान किया। नगर अध्यक्ष डा. विपिन कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल छात्र संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नियमित छात्र संपर्क एवं संगठनात्मक गतिविधियों को बढ़ाने का आग्रह किया। नगर मंत्री सचिन कुमार ने कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि इकाई परिषद की मूल शक्ति है तथा इकाई दर्शन प्रवास जैसे अभियान कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति और अधिक सक्रिय एवं जागरूक बनाते हैं।

बैठक में सह मंत्री प्रिंस लांबा, कार्तिक, आशीष, ओकेश, परवीन, प्रीतम, ललित सहित नगर के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुर्गी फार्म पर कुत्तों का हमला मुर्गियों को बनाया शिकार

- कुत्तों ने 170 मुर्गियां और 13 बकरियों को नोंच डाला

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोसली

गुड़ियानी गांव के खतों में बने फार्म में रात के समय कुत्तों ने धावा बोल दिया। इस दौरान कुत्तों ने कई मुर्गियों को अपना शिकार बना डाला। मुर्गियों के साथ कुत्तों ने 13 बकरे-बकरियों को भी नोंचकर मार डाला। कोसली पुलिस ने मारे गए पशुओं का पोस्टमार्टम कराने के बाद आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। गांव निवासी शराफ अली ने गांव में अपने खेत में मुर्गी और बकरी फार्म बनाया हुआ है। मालिक जब खाना खाने घर गया हुआ था, तब कुत्तों ने फार्म पर हमला बोल दिया। मालिक खाना खाकर वापस फार्म पर पहुंचा तो कुत्ते अंदर घुसे मिले। हिंसक कुत्तों को बड़ी मुश्किल से फार्म के बाहर खदेड़ा गया। इस दौरान कुत्ते मुर्गियों और बकरे-बकरियों को शिकार बना चुके थे। अंदर 170 मुर्गियां, 10 बकरी और 3 बकरे मृत पड़े हुए थे। फार्म मालिक की सूचना पर कोसली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पशुपालन विभाग से मृत पक्षियों और पशुओं का पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें जमीन पर दबवा दिया गया। इसके बाद पुलिस ने फार्म मालिक की शिकायत पर आगामी कार्वाई शुरू कर दी। एसएचओ मनोज कुमार के मुताबिक पुलिस अभी इस बात का पता लगा रही है कि कुत्ते पालतू हैं या आवारा। अगर पालतू कुत्ते मिलते हैं, तो उनके मालिक के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

## आपातकालीन स्थिति में आगे आया रक्तवीर, बचाई मरीज की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौल



नारनौल। रक्तदान करते हुए।

मानवता की सेवा के लिए समर्पित युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा की आपातकालीन रक्तदान मुहिम एक बार फिर जरूरतमंद परिवार के लिए जीवनदायिनी साबित हुई। संस्था के सक्रिय सदस्य नरेंद्र सैनी ने आपातकालीन स्थिति में रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। जानकारी के अनुसार एक मरीज की आंत फट जाने के कारण उसकी हालत गंभीर हो गई थी और उसे उपचार के लिए रेनबो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने तत्काल रक्त की आवश्यकता बताई। जैसे ही यह सूचना युवा साथी ग्रुप हरियाणा और उड़ान जनसेवा ट्रस्ट की टीम तक पहुंची, संस्था के सदस्य नरेंद्र सैनी ने बिना किसी देरी के रक्तदान के लिए सहमति जताई और विजय हॉस्पिटल ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। रक्तदान के बाद नरेंद्र सैनी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। हमारा दिया हुआ एक यूनिट रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। जब भी किसी जरूरतमंद को रक्त की आवश्यकता हो, हमें आगे बढ़कर मदद करनी चाहिए।

### संस्था ने सरहाना की

संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि युवा साथी ग्रुप हरियाणा और उड़ान जनसेवा ट्रस्ट लगातार आपातकालीन रक्तदान सेवा के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की सहायता कर रहे हैं। टीम का उद्देश्य है कि रक्त की कमी के कारण किसी भी मरीज की जान न जाए। संस्था ने सभी युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

**समाज सेवा** संस्थापक की जयंती पर 900 से अधिक लोगों को करवाया भोजन

# भाविप के संस्थापक डा. सूरज प्रकाश का जीवन सेवा और संस्कार से भरा

पशु अस्पताल के सामने भगवान परशुराम चौक पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौल



नारनौल। भोजन करवाते संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को भारत विकास परिषद शाखा नारनौल की ओर से पशु अस्पताल के सामने भगवान परशुराम चौक पर भोजन प्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाविप सदस्य सुनील मित्तल के सहयोग से हैदराबाद निवासी एवं मूल रूप से नारनौल के अनिल शर्मा पुत्र लाल चंद शर्मा के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 900 से अधिक जरूरतमंद लोगों, श्रमिकों एवं राहगीरों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। अनिल कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने अपने हाथों से भोजन सेवा कर लोगों को प्रसाद वितरित किया। भाविप क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव महेंद्र शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार यादव, परिषद अध्यक्ष मुकेश जैन, सचिव संदीप शुक्ला एवं सेवा प्रकल्प संयोजक पवन यादव ने सभी सदस्यों के साथ मिलकर कार्यक्रम संयोजक अनिल शर्मा तथा मुख्य अतिथि कमलेश सैनी को अंगवस्त्र भेंट कर उनके सहयोग के लिए सम्मानित करते हुए उनका आभार व्यक्त किया तथा राहुल वर्मा को नए सदस्य के रूप में परिषद में शामिल किया गया। इस दौरान पूड़ी, सब्जी एवं जलेबी का प्रसाद वितरित किया गया। परिषद अध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया कि डॉ. सूरज प्रकाश का जीवन सेवा और संस्कार को समर्पित था।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर महेंद्र शर्मा, एडवोकेट राजकुमार यादव, मुकेश जैन, संदीप शुक्ला, हितेंद्र बोहरा, बजरंग गुप्ता, सुनील मित्तल, नवीन गुप्ता, पवन यादव, डॉ शिवकुमार यादव, विजय जिंदल, नरोत्तम सोनी, भगत सिंह सैनी, डॉ जितेंद्र भारद्वाज, अशोक जांगिड़, राहुल वर्मा, राजकुमार चौधरी, सुभाष कश्यप, देवी प्रकाश, सुभाष सिंगला आदि मौजूद रहे।*

## वरिष्ठ नागरिकों को दिया सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण

**नारनौल।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेठ गणेशीलाल जैन मेमोरियल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट तथा वरिष्ठ नागरिक संगठन (रजि.) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर में योग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर ने वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य साधकों को सूर्य नमस्कार का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया तथा इसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' है। योग बढ़ती उम्र में शरीर को सक्रिय, लचीला और स्वस्थ बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। नियमित योग अपनाकर बुजुर्ग आत्मनिर्भर और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। संगठन के प्रधान दुलीचंद शर्मा ने कहा कि सूर्य नमस्कार एक संपूर्ण व्यायाम है, जो शरीर के सभी अंगों को ऊर्जा प्रदान करता है। इसे युवाओं और बुजुर्गों सहित हर आयु वर्ग के लोगों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।



### PUBLIC NOTICE

I, Raj Kumar S/o Shri Jwala Prasad R/o H.No. 1358, Sector-1, Phase-I, HUDA, Narnaul, Distt. Mahendergarh (HR) declare that my name is recorded as RAAJ KUMAR JANGOO in Passport No. P2387791 and as RAJ KUMAR in Aadhaar No.6831 4411 0553. Henceforth, I shall be known as RAJ KUMAR for all purposes.



# आरटीई दाखिलों को लेकर सख्ती: 17 जून तक पोर्टल अपडेट न करने वाले स्कूलों की मान्यता होगी रद्द, प्राइवेट स्कूलों को दी जानकारी

- स्कूलों को सख्त हिदायत : दाखिला स्वीकार करने या खारिज करने का स्पष्ट कारण निर्धारित पोर्टल पर करें तुरंत दर्ज
- सबसे पहले लापरवाही बरतने वाले स्कूलों की एमआई स एक्सेस (पोर्टल लॉगिन) को पूरी तरह कर दिया जाएगा ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शिक्षा विभाग ने राइट टू एजुकेशन के तहत निजी स्कूलों में दाखिला लेने वाले गरीब बच्चों की रिपोर्टिंग को लेकर बेहद कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। हरियाणा मौलिक शिक्षा महानिदेशक की ओर से प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों को एक अंतिम चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने इस मामले में ढिलाई बरतने वाले स्कूलों को चेताते हुए पोर्टल पर दाखिले का स्टेटस अपडेट करने की समयसीमा को आखिरी बार बढ़ाकर 17 जून कर दिया है। दरअसल, शिक्षा विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के मुताबिक आरटीई एडमिशन ट्रैकिंग पोर्टल पर छात्रों के दाखिले की स्थिति को अपडेट करने की मूल समयावधि पहले तीन जून निर्धारित की गई थी। इसके बावजूद जिलावार आई प्रगति रिपोर्ट में सामने आया है कि बड़ी संख्या में निजी स्कूलों ने इस प्रक्रिया में कोई गंभीरता नहीं दिखाई है। राज्य में अब भी भारी संख्या में दाखिला रिकॉर्ड का सत्यापन लंबित पड़ा है और कई स्कूलों ने तो उन्हें आवंटित किए गए बच्चों का स्टेटस पोर्टल पर दर्ज तक नहीं किया है। स्कूलों की इस लापरवाही और असंतोषजनक कार्यप्रणाली पर विभाग ने गहरी नाराजगी और चिंता व्यक्त की है।



- सरकार ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है

डीईईओ अशोक शर्मा

### पोर्टल पर जानकारी सांझा करनी होगी

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग ने पोर्टल अपडेट करने के लिए तारीख बढ़ाकर अब 17 जून कर दी है। हमारे पास उच्च अधिकारी का पत्र आया है। अभी भी नियमानुसार प्राइवेट स्कूल पोर्टल पर जानकारी सांझा नहीं करेंगे तो कार्रवाई की जाएगी।

### लापरवाही बरतने पर सबसे पहले स्कूल का पोर्टल लॉगिन होगा ब्लॉक

इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने अब साफ कर दिया है कि भविष्य में इस समयसीमा को किसी भी परिस्थिति में आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। विभाग ने सभी प्राइवेट स्कूलों को सख्त हिदायत दी है कि वे बिना किसी देरी के अपने यहां आवंटित एक-एक छात्र का स्टेटस (दाखिला स्वीकार करने या खारिज करने का स्पष्ट कारण) निर्धारित पोर्टल पर तुरंत दर्ज करें। यदि कोई भी स्कूल इस अंतिम अवसर के बाद भी 17 जून तक पोर्टल अपडेट करने में नाकाम रहता है, तो उसके खिलाफ बिना किसी अग्रिम नोटिस के तत्काल प्रभाव से दंडात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी। इसके तहत सबसे पहले लापरवाही बरतने वाले स्कूलों की एमआईएस एक्सेस (पोर्टल लॉगिन) को पूरी तरह ब्लॉक कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं, इस देरी या नॉन-कंप्लायंस को शिक्षा के अधिकार कानून (आरटीई एक्ट, 2009) की धारा 12(1)(सी) और 13 का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा, जिसके तहत दोषी स्कूलों की आधिकारिक मान्यता को भी रद्द किया जा सकता है। शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक (प्राइवेट स्कूल ब्रांच) द्वारा जारी इस कड़े आदेश के बाद अब प्रदेश के निजी स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

## खबर संक्षेप



नारनौल। जनजागरण कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया

**नारनौल।** नशामुक्त हरियाणा जागरूकता पखवाड़ा के तहत पुलिस विभाग ने शहर के मौहल्ला मिश्रवाड़ा में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान निरीक्षक शारदा और उनकी पुलिस टीम ने वहां आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों, युवाओं एवं महिलाओं को नशे से दूर रहने तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया गया। पुलिस टीम ने लोगों को बताया कि नशे की लत से प्रभावित व्यक्तियों को मुख्यधारा में लाने के लिए पुलिस प्रयासरत है। नाश छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को पुलिस हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। लोगों को नशा संबंधी शिकायतों के लिए मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 की जानकारी भी दी गई।



महेंद्रगढ़। पूर्व मंत्री का हाल चाल जानते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने प्रो. शर्मा का जाना हाल

**महेंद्रगढ़।** पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने अपने परिवार सहित पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा से उनके आवास पर मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। इस अवसर पर कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय चौधरी भजनलाल और प्रो. रामबिलास शर्मा भले ही अलग-अलग राजनीतिक दलों में रहे हों, लेकिन दोनों परिवारों के बीच हमेशा आत्मीय और पारिवारिक संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज दोनों एक ही भाजपा परिवार का हिस्सा हैं और पार्टी की मजबूती के लिए मिलकर कार्य कर रहे हैं।

# नपा ने महेंद्रगढ़ में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, मची अफरा-तफरी

## दुकानदारों ने कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन नहीं चली

- नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण हटाने से पहले संबंधित दुकानदारों को कई बार चेतावनी जारी की थी इसके बावजूद कई लोगों ने कब्जा नहीं हटाया, जिसके चलते मजबूरन अभियान चलाना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। दुकानदार को चेतावनी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

शहर में लंबे समय से सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद नगर पालिका ने मंगलवार को व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान मुख्य बाजार, व्यस्त सड़कों और सार्वजनिक मार्गों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। अभियान शुरू होते ही उन दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई, जिन्होंने अपनी दुकानों के आगे सड़क और फुटपाथ तक सामान फैलाकर कब्जा कर रखा था। जानकारी के अनुसार नगर पालिका की टीम दोपहर निर्धारित समय पर शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्र में पहुंची। टीम ने सबसे पहले उन दुकानों के बाहर रखे गए सामान, टीन शेड, अस्थायी ढांचे और अन्य अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई शुरू की, जो सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण कर रहे थे। कई दुकानदारों ने कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान सार्वजनिक हित में चलाया जा रहा है और किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में लंबे समय से अतिक्रमण की समस्या बनी हुई थी। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों की सीमा से बाहर तक सामान फैला रखा था, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई थी। इसके कारण वाहन चालकों, पैदल राहगीरों और स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार जाम की स्थिति भी बन जाती थी, जिससे लोगों का समय बर्बाद होता था और दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण हटाने से पहले संबंधित दुकानदारों को कई बार चेतावनी जारी की थी। इसके बावजूद कई लोगों ने कब्जा नहीं हटाया, जिसके चलते मजबूरन अभियान चलाना पड़ा। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक मार्गों और फुटपाथों पर किसी भी व्यक्ति को कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। शहर को व्यवस्थित और यातायात सुगम बनाने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### दुकानों के बाहर रखे सामान को हटाया

अभियान के दौरान ट्रैक्टर की मदद से सड़क किनारे रखे सामान हटाया गया। नगर पालिका कर्मचारियों ने दुकानों के बाहर रखे गए सामान को भी हटवाया। कुछ दुकानदारों ने स्वयं ही अपना सामान समेट लिया, जबकि कई स्थानों पर टीम को सख्ती भी दिखानी पड़ी। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से अतिक्रमण के कारण बाजार क्षेत्र में आवागमन प्रभावित हो रहा था। अब सड़कें खुलने से यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को राहत मिलेगी। कई नागरिकों ने मांग की कि नगर पालिका समय-समय पर ऐसे अभियान चलाती रहे ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो सके। नगर पालिका के अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में फिर से सड़क या फुटपाथ पर कब्जा किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ जुर्माने सहित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने शहरवासियों से भी सहयोग की अपील की और कहा कि सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखना सभी की जिम्मेदारी है।

### सड़कें नजर आई खुली-खुली

अभियान के बाद बाजार क्षेत्र में सड़कें पहले की तुलना में अधिक खुली नजर आईं। प्रशासन का मानना है कि इस कार्रवाई से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और आम लोगों को होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए आगे भी नियमित रूप से अभियान चलाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके परएमई राजेश कौशिक, इंस्पेक्टर अनिल कुमार व दरोगा राजेंद्र कुमार सहित पालिका के अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।



कनीना। गांव भड़फ में आयोजित कैंप में जांच करते चिकित्सा अधिकारी

### टीबी के 131 संभावित मरीजों की जांच

**कनीना।** उप नागरिक अस्पताल के डॉ. हनुमान सिंह के मार्गदर्शन में गांव भड़फ में टीबी जागरुकता एवं स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में कुल 131 संभावित मरीजों की जांच की गई। इनमें से लक्षण वाले 22 व्यक्तियों के बलगम के नमूने एकत्र कर जांच के लिए उप नागरिक अस्पताल कनीना की लैब में भेजे गए। इस अवसर पर एसटीएस पवन कुमार, टीबीएचवी युद्धवीर व सीएचओ विजेता ने बताया कि यदि किसी को दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी आ रही है तो वह तुरंत बलगम की जांच कराए। टीबी केवल फेफड़ों तक सीमित नहीं है, यह गले में गांठ, हड्डियों और शरीर के अन्य अंगों में भी हो सकती है।



नारनौल। रक्तदान शिविर में रक्तदाता को उत्साह बढ़ाते निदेशक व अन्य।

### मेडिकल कॉलेज में 51 यूनिट एकत्रित

**नारनौल।** महर्षि च्यवन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं राव तुलाराम अस्पताल कोरियावास में मंगलवार उदय सिंह शिक्षण न्यास की ओर से प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. विजेंद्र सिंह ढिल्लो ने कहा कि रक्तदान शिविर को सफल बनाने में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों, कर्मचारियों तथा आसपास के क्षेत्र के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी भी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवनदान के समान है और ऐसे आयोजन समाज में मानव सेवा की भावना को मजबूत करते हैं।



महेंद्रगढ़। मरीजों की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जांजड़ियावास: एम्बुलेंस में 138 मरीजों की जांच

**महेंद्रगढ़।** उपमंडल के गांव जांजड़ियावास में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर सुरजीत सिवाच, डॉ. चंद्रपाल व स्वास्थ्य कर्मी अनूप रिवासा ने सभी जांच सुविधाओं से युक्त एक मोबाइल एम्बुलेंस में 138 मरीजों की जांच करके सात संभावित मरीजों के बलगम के नमूने लिए। शिविर मे ह्यूमन सपुटम करियर जयप्रकाश ने मरीजों के बलगम के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे। शिविर में मुख्य रूप से साठ साल से अधिक बुजुर्गों, टीबी मरीजों के संपर्क में आए व्यक्तियों, शुगर व बीपी के मरीजों आदि की जांच करके मौके पर ही उनकों दवाई दी गई।

### लेखराम का जीवन समाज के लिए प्रेरणा स्रोत: सांसद



मंडी अटेली। पुण्यतिथि पर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**मंडी अटेली।** नारनौल-रेवाड़ी मार्ग पर स्थित अटेली कस्बे से सटे राजस्थान के काठूवास गांव में राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के स्वर्गीय पिता ठेकेदार लेखराम की 17वीं पुण्य तिथि पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में गंगानगर के सांसद कुलदीप इंदौरा, मुंडावर के विधायक ललित यादव, विधायक जाकिर खान, विधायक अनीता जाटव, विधायक मांगेलाल मीणा, विधायक कांतिलाल मीणा, पूर्व विधायक राव दानसिंह, कांग्रेसी नेता कृष्ण राव सहित हरियाणा, राजस्थान के अनेक राजनेता व गणमान्य लोग विशेष रूप से उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



नारनौल। नीट परीक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक लेती डीसी अनुपमा अंजली।

# नीट परीक्षा में परीक्षार्थियों को नहीं होगी कोई परेशानी

- जरूरत अनुसार बसें रहेंगी उपलब्ध, डीसी अनुपमा अंजली ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला में नीट परीक्षा को पूरी तरह से पारदर्शी, निष्पक्ष और सुगम तरीके से संपन्न करवाया जाएगा। पिछली परीक्षा की तरह इस बार भी सभी अधिकारी तालमेल के साथ काम करें। ये निर्देश उपायुक्त अनुपमा अंजली ने मंगलवार लघु सचिवालय में नीट के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक में दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन परीक्षार्थियों की सुविधा को लेकर पूरी तरह गंभीर है। परीक्षार्थीयों को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। परीक्षार्थियों की परीक्षा केंद्र पर एंट्री सुबह 11:00 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:30 बजे तक होगी। परीक्षा का समय दोपहर 2 से शाम 5.15 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी 9 परीक्षा केंद्रों पर तमाम ढांचागत सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। परीक्षार्थियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से बसों का इंतजाम किया जाएगा ताकि किसी भी छात्र को केंद्र तक पहुंचने में असुविधा न हो। इसके साथ ही सुरक्षा और शुचिता को ध्यान में रखते हुए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और जैमर लगाए जाएंगे। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि परीक्षा में तैनात होने वाले सभी स्टाफ को अच्छी तरह से प्रशिक्षित किया जाए ताकि व्यवस्था में कोई कमी न रहे। उन्होंने अधिकारियों को कर्मयोग ऐप का उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि सभी को यह ऐप डाउनलोड करना होगा ताकि इसके माध्यम से वे अपनी किसी भी प्रकार की शंकाओं को दूर कर सकें। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक, एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव, एसडीएम महेंद्रगढ़ योगेश सैनी, नगराधीश डॉ मंगलसेन तथा नीट के जिला कोर्डिनेटर ओपी यादव के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### संरक्षित स्मारकों के पास निर्माण के लिए लेनी होगी पोर्टल के माध्यम से मंजूरी

- इसरो के सहयोग से तैयार किया मोबाइल एप
- मोबाइल एप से तय होगी निर्माण स्थल की भौगोलिक स्थिति

**नारनौल।** राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार अब संरक्षित स्मारकों और राष्ट्रीय महत्व के क्षेत्रों के आसपास किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित और विनियमित क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए कड़े नियम लागू किए गए हैं। इस व्यवस्था को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण ने एक ऑनलाइन प्रणाली शुरू की है, जिसे एनएमए ऑनलाइन एप्लीकेशन प्रोसेसिंग सिस्टम नाम दिया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से संपत्ति मालिक अपने क्षेत्र में निर्माण कार्यों की अनुमति के लिए आवेदन कर सकेंगे। उपायुक्त ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया को डिजिटल रूप देने के लिए इसरो के सहयोग से एक विशेष मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया है। आवेदकों को पोर्टल पर आवेदन करने के बाद इस मोबाइल ऐप के जरिए अपने प्रस्तावित निर्माण स्थल के भौगोलिक निर्देशांक यानी जियो-कोऑर्डिनेट्स भेजने होंगे।



नारनौल। राजस्व से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक करती डीसी अनुपमा अंजली। फोटो : हरिभूमि

### मुख्यमंत्री की डिजिटल हरियाणा की मंशा को समय पर पूरा करने पर फोकस

**नारनौल।** मुख्यमंत्री की डिजिटल हरियाणा की मंशा और उनकी प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से उपायुक्त अनुपमा अंजली ने मंगलवार लघु सचिवालय में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप राजस्व प्रणाली को पूरी तरह आधुनिक और सुगम बनाना प्रशासन का मुख्य लक्ष्य है। उपायुक्त ने विशेष रूप से भू-नक्शा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता सूची में शीर्ष पर रखने के निर्देश दिए। इस काम को एक माह में पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि ततीमा तैयार करने की प्रक्रिया में और गति लाएं है ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें और डिजिटल सेवाओं का लाभ सीधे तौर पर जनता तक पहुंच सके। बैठक में उपायुक्त ने इंतकाल, पैमाइश, भूमि बंटवारे के अलावा सीएम विंडो पर आई शिकायतों और विभिन्न सरकारी रिकवरी मामलों की भी गहनता से समीक्षा की। लंबित पड़े इंतकाल और बंटवारे के मामलों को निपटाने के आदेश दिए।



महेंद्रगढ़। एसडीएम से मुलाकात करते हुए।

### तेज आंधी-बारिश से श्री गोशाला आश्रम धौलपोश में लाखों का नुकसान

**महेंद्रगढ़।** बीते नौ जून को आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने श्री गोशाला आश्रम धौलपोश में भारी तबाही मचा दी। प्राकृतिक आपदा के कारण गोशाला परिसर में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है, जिससे गोवंश के रखरखाव और आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इस समस्या को लेकर गोशाला समिति सदस्यों ने एसडीएम सक मुलाकात कर आर्थिक सहायता की मांग की हैं। गोशाला प्रधान रविंद्र तिवाड़ी ने बताया कि तेज आंधी के दौरान दो बिजली के पोल टूटकर गिर गए, जिससे गोशाला की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं और बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। इसके चलते गोशाला में रह रहे 700 से अधिक गोवंश के लिए पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके अलावा एक विशाल बरगद का पेड़ तथा पीपल की मोटी टहनियां टूटकर गोशाला के बड़े टीन शेड पर गिर गईं, जिससे शेड को भारी नुकसान पहुंचा और उसके नीचे खड़े वाहनों को भी क्षति हुई। गोशाला कार्यालय के सामने बने लगभग 80 से 40 फुट के टीन शेड पर पेड़ उखड़कर गिर गया।

**जरूरी निर्देश** जिले के सभी खेल स्टेंडियम के लिए टेंडर प्रक्रिया के निर्देश

# रोप-वे के निर्माण के लिए अब तक 39 पिलर का निर्माण कार्य पूरा

ढोसी पर्वत रोप-वे प्रोजेक्ट को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

पर्यटन के नक्शे पर चमकेगा महेंद्रगढ़ जिला : डीसी अनुपमा अंजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। खेल स्टेडियम को लेकर अधिकारियों की बैठक लेती डीसी अनुपमा अंजली।

उपायुक्त अनुपमा अंजली ने मंगलवार लघु सचिवालय में ढोसी पर्वत पर बन रहे रोप-वे के कार्य की संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। डीसी ने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ आने वाले दिनों में पर्यटन के क्षेत्र में एक नई और विशिष्ट पहचान बनाने के लिए तैयार हो रहा है। ऐसे में अधिकारी इस काम को समय पर पूरा करें। डीसी ने ढोसी पर्वत पर चल रहे महत्वाकांक्षी रोप-वे प्रोजेक्ट की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस परियोजना को एक निश्चित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए ताकि पर्यटकों को जल्द से जल्द इसकी सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हरियाणा सरकार इस समय महेंद्रगढ़ जिले के समृद्ध ऐतिहासिक स्मारकों और सांस्कृतिक धरोहरों को वैश्विक पटल पर लाने के लिए विशेष नीति के तहत काम कर रही है। जिले में पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं इस पूरे प्रोजेक्ट की प्रगति की लगातार निगरानी कर रहे हैं और समय-समय पर इसका सीधा फीडबैक भी ले रहे हैं। बैठक के दौरान मौजूद विभागीय अधिकारियों ने कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए उपायुक्त को अवगत कराया कि ढोसी पर्वत पर रोप-वे के निर्माण के लिए अब तक बुनियादी ढांचा तैयार करते हुए 39 पिलर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, और शेष बचे कार्यों को भी पूरी गति के साथ अंजाम दिया जा रहा है।

### खिलाड़ियों को बेहतरीन खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाएं

**नारनौल।** जिला प्रशासन अब क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतरीन खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए उपायुक्त अनुपमा अंजली ने मंगलवार लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने खेल स्टेडियमों में बेहतरीन सुविधा उपलब्ध करवाने के दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री का विशेष फोकस युवाओं और खिलाड़ियों को जमीनी स्तर पर बेहतर माहौल देने पर है। ऐसे में इन खेल परिसरों के विकास में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि जिला के सभी खेल स्टेडियमों में बिजली कनेक्शन, स्वच्छ पेयजल और आधुनिक शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं हर हाल में सुनिश्चित की जाएं। स्टेडियमों के जीर्णोद्धार के लिए एक साथ टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की बात कही।

### गढ़ी रूथल शिविर में प्राकृतिक खेती अपनाने को किसानों को किया प्रेरित

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव गढ़ी रूथल में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड कृषि अधिकारी अटेली द्वारा की गई, जिसमें क्षेत्र के किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस कैंप में खण्ड कृषि अधिकारी डॉ. रजनीश कुमार ने किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से जहां मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है वहीं रासायनिक खाद व कीटनाशकों पर खर्च भी कम होता है। इससे किसानों की आय में वृद्धि संभव है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही प्राकृतिक खेती योजना के बारे में भी किसानों को विस्तार से बताया। इस मौके पर डॉ. सुधीर यादव ने किसानों को प्राकृतिक खेती पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई तथा विभाग की विभिन्न ऑनलाइन योजनाओं की जानकारी दी।